## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग की नौंवी शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बैठक में होंगे शामिल।।
- राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा से पारित झारखंड वित्त विधेयक–2022 फिर लौटाया, संशोधन पर जतायी आपत्ति।
- ईडी ने जमीन घोटाला मामले में रांची के जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को लंबी पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार।
- एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा का अंतिम परिणाम किया जारी, टॉपर्स की संख्या 61 से घटकर 17 हुई, झारखंड के 15 और छात्र सफल, पेपर लीक मामले में धनबाद से दो और गिरफ्तार।
- रांची में अग्निवीरों की भर्ती रैली आज से शुरु, 70 सीसीटीवी कैमरों से हो रही है बहाली प्रक्रिया की निगरानी।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय विकसित भारत@2047 है, जिसका मुख्य फोकस भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

**********************

नीति आयोग की नौंवी शासी परिषद की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। बैठक में भाग लेने के लिए कल देर शाम श्री सोरेन दिल्ली के लिए रवाना हो गये। उनके साथ राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते और वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी दिल्ली गये हैं।

**********************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा से पारित वित्त विधेयक 2022 को लौटा दिया है। विधानसभा ने इस विधेयक में संशोधन किया था, जिसपर राज्यपाल ने आपत्ति जतायी है। कल मानसून सत्र की कार्यवाही शुरु होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन को इसकी जानकारी दी। यह विधेयक चौथी बार सरकार को लौटायी गयी है। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने भी इस विधेयक को तीन बार लौटाया था। राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस विधेयक में संशोधन किये हैं, वह केन्द्रीय सूची का मामला है।

**********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना में आदिवासियों की घटती आबादी पर मुख्यमंत्री सोरेन को पत्र लिखा है। श्री मरांडी ने पूरे मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की है। श्री मरांडी ने कहा है कि सरकार को आदिवासियों को संरक्षित करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

इधर, सत्ता पक्ष ने संताल परगना में डेमोग्राफी बदलने के आरोपों का खंडन किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा है डेमोग्राफी चेंज का मामला उठाकर भाजपा अपनी ही केन्द्र सरकार की नाकामी का बखान कर रही है।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने जमीन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में जमीन कारोबारी कमलेश सिंह को लंबी पूछताछ के बाद कल गिरफ्तार कर लिया। उसे आज पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जायेगा। आगे की जांच के लिए ईडी उसे रिमांड पर लेगी। कमलेश पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के लिए अधिगृहित जमीन में से लगभग बीस एकड़ जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन की खरीद–बिक्री से जुड़े मामले में ईडी के छठे समन पर वह रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित हुआ था, जहां पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**********************

धनबाद जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के अंचलाधिकारियों से खनन क्षेत्र की एरिया मापी कर 5 अगस्त तक रिपोर्ट मांगी है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा के लिए संशोधित फाइनल स्कोर कार्ड जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट questions.nta.ac.in और neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की है कि 17 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्तं की है। इससे पूर्व चार जून को जारी परिणाम में 61 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त किया था। संशोधित रिजल्ट के बाद झारखंड से 15 और छात्र सफल घोषित किये गये हैं। झारखंड के दो छात्र शीर्ष 100 में भी शामिल हैं, जिन्हें 715 अंक मिले हैं।

**********************

इधर, नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई लगातार जारी है। पटना सीबीआई की टीम ने कल धनबाद के कंबाइंड बिल्डिंग से पवन कुमार समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया। इसके बाद जांच टीम ने झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र के एक तालाब की गोताखोरों की मदद से तलाशी ली। इस दौरान आठ मोबाइल फोन बरामद किये गये। सभी मोबाइल फोन को सीमेंट की बोरी में बांध कर तालाब में फेंका गया था।

**********************

रांची में अग्निवीरों की भर्ती रैली आज से शुरु हो गयी है। यह भर्ती रैली 10 अगस्त तक जारी रहेगी। इसमें झारखंड के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट अग्निवीर उम्मीदवारों के अलावा जूनियर कमीशन अफसर–धार्मिक शिक्षक के लिए बिहार और झारखंड के शार्ट लिस्ट पुरुष उम्मीदवारों का चयन होना है। कर्नल विकास भोला ने भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अभ्यार्थियों से दलालों से सावधान रहने की सलाह दी है।

**********************

सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी में झारखंड महिला हॉकी टीम ने कल हॉकी मणिपुर को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। हॉकी झारखंड की ओर से नीलिमा सुरीन और सुष्मिता गुड़िया ने एक–एक गोल किया।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने जमीन कारोबारी कमलेश सिंह को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जमीन कारोबारी कमलेश सिंह गिरफ्तार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ईडी ने कमलेश को किया गिरफ्तार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– राज्य के 48 लाख महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलेंगे हर माह एक हजार रुपये।

दैनिक भास्कर लिखता है– पेरिस ओलिंपिक का आगाज, पहली बार 85 नावों से आए 7 हजार एथलीट।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– झारखंड के नए डीजीपी बने अनुराग गुप्ता।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री द्वारा अग्निपथ योजना को लेकर विपक्ष पर राजनीति करने के आरोप को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

जबकि हिंदुस्तान टाइम्स ने झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू होने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**********************